बिहार शिक्षा परियोजना, वैशाली

(प्रारंभिक शिक्षा एवं समग्र शिक्षा)
शिक्षा भवन, दिग्घी कला, हाजीपुर पिन न0–844102

पत्रांक 2328 /

प्रेषक :

कुमार शशि रंजन
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
(प्रा0शि0 एवं समग्र शिक्षा), वैशाली

सेवा में,

प्रधानाध्यापक / प्रभारी प्रधानाध्यापक
सभी विद्यालय (सरकरी एवं गैर–सरकारी)
जिला वैशाली।

हाजीपुर, दिनांक 16/9/2023

विषय : जिला स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस में प्रतिभागिता के संबंध में।

प्रसंग : निदेशक, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, पटना के पत्रांक 1050 दिनांक 25.05.2023 तथा जिला समन्वयक, बाल विज्ञान कांग्रेस का पत्रांक 31 दिनांक 11.09.2023

महाशय,

उपर्युक्त प्रासंगिक विषयक अंकित करना है कि 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस 2023 के तहत "स्वास्थ्य और कल्याण के लिए पारितंत्र को समझना" विषय पर दिनांक 22 सितम्बर 2023 को प्रातः 10:00 बजे से राजनारायण कॉलेज हाजीपुर में जिला स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन किया जा रहा है। उक्त आयोजन में जिले के सरकारी / गैर सरकारी विद्यालयों के बाल वैज्ञानिकों के द्वारा अपने नोडल शिक्षक के साथ विभिन्न नवाचारों का प्रस्तुतीकरण किया जाना है। जिला स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन, साइंस फॉर सोसाईटी वैशाली के द्वारा किया जा रहा है। जिला स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस के संबंध में विशेष जानकारी हेतु संस्थान– साइंस फॉर सोसाईटी वैशाली के संयोजक श्रीमती सीमा सिंह (9934944067) से सम्पर्क किया जा सकता है।

अतः आपको निदेश दिया जाता है कि जिला स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस में अपने विद्यालय के छात्रों को प्रर्दश एवं नोडल शिक्षक / शिक्षिका के साथ ससमय निर्धारित तिथि एवं स्थान पर सहभागिता कराना सुनिश्चित करेंगे।

विश्वासभाजन

16.09.23

(कुमार शशि रंजन)
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
(प्रा0शि0 एवं समग्र शिक्षा) वैशाली

ज्ञापांक 2328 / हाजीपुर, दिनांक 16/9/2023.

प्रतिलिपिः– श्रीमती सीमा सिंह, संयोजक साइंस फॉर सोसाईटी वैशाली को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– सभी प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी, जिला वैशाली को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, माध्यमिक शिक्षा, वैशाली को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः जिला शिक्षा पदाधिकारी, वैशाली की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।

16/09/2023

16.09.23

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
प्रा0शि0 एवं सर्व शिक्षा अभियान, वैशाली